समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# उद्धव गुट ने 'तीर-धनुष' पर अपने दावे की जल्द सुनवाई की मांग की, सुप्रीम कोर्ट ने 16 जुलाई की तारीख तय की।

Publisher

Published on 02 Jul 2025



## शिवसेना चुनाव चिन्ह विवाद मे सुंप्रीम कोर्ट ने उद्धव ठाकरे की याचिका को 16 जुलाई को नियमित बेचं के सामने रखने का आदेश दिया।

**क्या है पूरा मामला ?**

**शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट)** ने पार्टी के मूल चुनाव चिन्ह '**तीर-धनुष**' को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जल्द सुनवाई की मांग की थी। वरिष्ठ वकील **देवदत्त कामत** ने उद्धव गुट की ओर से कोर्ट में कहा कि आगामी **स्थानीय निकाय चुनावों** के चलते इस मामले पर तत्काल सुनवाई जरूरी है।

हालांकि, **जस्टिस एम एम सुंदरेश** की अध्यक्षता वाली **अवकाशकालीन पीठ** ने तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि यह मामला 16 **जुलाई 2025** को नियमित पीठ के सामने सुना जाएगा।

**चुनाव आयोग का निर्णय और सुप्रीम कोर्ट की स्थिति**

**17 फरवरी 2023** को चुनाव आयोग ने शिवसेना के चुनाव चिन्ह '**तीर-धनुष**' को लेकर **एकनाथ शिंदे गुट** के दावे को वैध माना और वही चिन्ह उन्हें आवंटित कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ **उद्धव ठाकरे गुट** ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जहां मामला अभी भी लंबित है।

**दोनों पक्षों की दलीले**

१. **शिंदे गुट के वकील ने कहा कि चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद दो महत्वपूर्ण चुनाव — लोकसभा और विधानसभा —**

संपन्न हो चुके हैं, ऐसे में जल्द सुनवाई की कोई विशेष आवश्यकता नहीं है।

२. **जबकि उद्धव गुट के वकील ने कहा कि शरद पवार बनाम अजित पवार मामले मे जो अंतरिम व्यवस्था दी गई थी, वैसी ही राहत उन्हे भी दी जानी चाहिए**।

### अगली सुनवाई की तारीख

सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ किया कि यह मामला अब **16 जुलाई 2025** को नियमित बेंच के समक्ष सुना जाएगा, जहां दोनों पक्ष अपनी दलीलें रख सकेंगे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.